# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 28.09.2025 समय : 1905

<><><><><><><>

- मन की बात रेडियो कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष को राष्ट्रीय सेवा की प्रेरणा बताया।
- अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के सांसद बिष्णू पद रे ने मुख्य सचिव से मुलाकात में चाथम से हैडो तक बैटरी वाहन सेवा शुरू करने की मांग की।
- कैम्पबेल बे के पिलोभाबी में दो दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम में आदिवासी बच्चों ने सीखीं शतरंज की बारीकियाँ।
- ओग्राब्रांज में आई एम ए और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज "मन की बात" कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम की एक सौ पच्चीस सफल कड़ियों की चर्चा की और बताया कि यह कार्यक्रम उनके लिए कितने प्रेरणादायक अनुभव का स्रोत रहा है। प्रधानमंत्री ने आज के संबोधन में विशेष रूप से शहीद भगत सिंह और भारत रत्न लता मंगेशकर की जयंती का उल्लेख किया। उन्होंने भगत सिंह की निर्भीकता और देश के प्रति उनके समर्पण की सराहना की, साथ ही लता मंगेशकर के गीतों और उनके भारतीय संगीत में योगदान की

प्रशंसा की। प्रधानमंत्री ने इस दौरान नवरात्रि के अवसर पर कहा कि आगामी दिनों में कई त्यौहार हैं और भारतीय उत्पादों को खरीदने से परिवार में खुशियां बढ़ जायेंगी।

प्रधानमंत्री ने देशभर में महिलाओं द्वारा किए जा रहे अभूतपूर्व कार्यों की सराहना की। उन्होंने भारतीय नौसेना की दो बहादुर अधिकारियों, लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना और रूपा का उदाहरण पेश किया जिन्होंने 'नाविका सागर परिक्रमा' के दौरान सैंतालीस हजार पांच सौ किलोमीटर की यात्रा की और दुनिया की सबसे दूरस्थ जगह पाइंट नेमो पर भारतीय ध्वज फहराया। प्रधानमंत्री ने छठ पूजा के वैश्विक महत्व को भी बताया कि भारत सरकार इसे UNESCO की सांस्कृतिक धरोहर सूची में शामिल करने की कोशिश कर रही है। इसके साथ ही उन्होंने खादी और हैंडलूम उत्पादों की बिक्री बढ़ाने की अपील की और देशवासियों से दो अक्टूबर को स्वदेशी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री ने कहा इस बार का दशहरा काफी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष का भी उल्लेख किया और इसके योगदान को राष्ट्र सेवा की मिसाल बताया।

उन्होंने महर्षि वाल्मीकि की जयंती के अवसर पर रामायण के सांस्कृतिक महत्व को भी रेखांकित किया और देशवासियों से राम मंदिर के दर्शन करते समय वाल्मीकि और निषादराज के मंदिरों का भी दर्शन करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भूपेन हजारिका और जुबीन गर्ग जैसे गायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हे असम की सांस्कृतिक धरोहर बताया। आखिरकार, प्रधानमंत्री ने

आगामी त्योहारों पर देशवासियों से स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने और स्वच्छता के महत्व को समझने की अपील की। उन्होंने आगामी दीपावली की शुभकामनाएं दी और फिर से यह संदेश दिया कि हमें आत्मनिर्भर बनना है और इस दिशा में स्वदेशी उत्पादों का समर्थन करना है।

<><><><><><><>

आम जनता की सुविधा और सुरक्षित परिवहन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के सांसद बिष्णु पद रे ने प्रशासन से चाथम जेट्टी से हैडो तक हल्के बैटरी चालित वाहन चलाने की मांग की है। यह सुविधा तब तक चालू रखने का सुझाव है जब तक अस्थायी पुल या नया पुल पूरी तरह से चालू नहीं हो जाता। मुख्य सचिव के साथ हुई चर्चा में बताया गया कि प्रशासन आवश्यक व्यवस्था कर रहा है और यह सुविधा शीघ्र ही शुरू कर दी जाएगी। यह कदम विशेष रूप से बुजुर्गों, मरीजों और जरूरतमंद यात्रियों के लिए राहत प्रदान करेगा।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग द्वारा आदिवासी बच्चों में शतरंज के प्रति रुचि विकसित करने के उद्देश्य से पिलोभाबी के बच्चों के लिए राजीव नगर आदिवासी सामुदायिक भवन, कैम्पबेल बे में दो दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कक्षाएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन पिलोभाबी के कप्तान टाइटस ने किया। इस अवसर पर जनजातीय कल्याण अधिकारी अनुजेश राय भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य बच्चों में धैर्य, एकाग्रता, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ–साथ तर्क शक्ति और समस्या–समाधान क्षमताओं को बढ़ावा देना था। आदिवासी बच्चों ने शतरंज के मूल नियमों को शीघ्रता से समझा, जिससे भविष्य में उन्हें इस खेल में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। इस अवसर पर बच्चों और युवाओं ने भारी संख्या में भाग लिया।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जीएसटी बचत उत्सव की घोषणा की थी। 22 सितम्बर से शुरू हुआ यह उत्सव समाज के सभी वर्गों को लाभान्वित कर रहा है। जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

<><><><><><>

स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्वास्थ्य सेवा निदेशालय और भारतीय चिकित्सा संघ ने आज ओग्राब्रांज में मेगा स्पेशलिस्ट हेल्थ कैंप का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. शिव शंकर सिंह, सीनियर कंसल्टेंट मेडिकल स्पेशलिस्ट, ऋतिका मल्टी–स्पेशलिटी अस्पताल द्वारा शुभारम्भ किया गया। कैंप में चिकित्सा, यूरोलॉजी, सर्जरी, गायनेकोलॉजी, ऑर्थोपेडिक्स, डर्मेटोलॉजी और डेंटल विशेषज्ञों द्वारा परामर्श प्रदान किया। उप निदेशक (फैमिली वेलफेयर) डॉ. सिद्धाराजू ने रोगों की रोकथाम, शीघ्र पहचान और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने पर जोर दिया। मोहम्मद शफीक ने अपने संबोधन में आई एम ए के अध्यक्ष डॉ. तुलसीदासन, आई एम ए सचिव डॉ. शाजी वर्गीस और स्वास्थ्य सेवा निदेशालय को ओगराब्रांज में विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएँ लाने के लिए धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ICDSds के सहयोग से अंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा स्वस्थ आहार और पोषण संबंधी परामर्श भी दिया गया। इस कैंप में एक सौ पचास लाभार्थियों ने भाग लिया।

<><><><><><>